भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 462
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का विकास

462 श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत 23 राज्यों में अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और स्थल-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त पहल के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं;

(घ) सरकार की उक्त पहल से किस प्रकार अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी तथा देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे; और

(ङ) उक्त उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत और जारी की गई कुल धनराशि क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): जी हां, भारत सरकार ने अपने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के 23 राज्यों में ₹3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करना और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग करना है। इस योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

चूंकि परियोजना प्रस्तावों के परियोजना पर प्रभाव और मूल्य सृजन संबंधित भाग में अनुमानित रोजगार सृजन, निजी निवेश आदि से संबंधित घटक शामिल हैं, अतः यह आशा की जाती है कि यह योजना उन गंतव्यों की स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और रोजगार सृजन के लिए सहायक हो सकती है, जहां परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

(ङ): उक्त उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत और जारी की गई कुल निधि क्रमशः ₹3295.76 करोड़ रु. और ₹2175.20 करोड़ रु. है।

*****

अनुबंध

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण द्वारा अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 462 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र.सं.	राज्य	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1.	आंध्र प्रदेश	1. गंडीकोटा-फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन	77.91
		2. अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम	94.44
2.	अरुणाचल प्रदेश	3. सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट	46.48
3.	असम	4. असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, गुवाहाटी	97.12
		5. शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76
4.	बिहार	6. मत्स्यगंधा झील का विकास, सहरसा	97.61
		7. करमचट इको-पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51
5.	छतीसगढ़	8. चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
		9. जनजातीय एवं सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87
6.	गोवा	10. छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा	97.46
		11. प्रस्तावित टाउनस्क्वायर, पोरवोरिम	90.74
7.	गुजरात	12. केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य	99.50
		13. टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोर्डो	51.56
8.	झारखंड	14. तिलैया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास	34.87
9.	कर्नाटक	15. रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र	99.17
		16. सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास, बेलगावी	100.00
10.	केरल	17. अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र, कोल्लम	59.71
		18. सरगालयाः मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे	95.34
11.	मध्य प्रदेश	19. ओरछा एक मध्यकालीन वैभव	99.92
		20. भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38
12.	महाराष्ट्र	21. पूर्व आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	46.91
		22. नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14

13.	मणिपुर	23. लोकटक लेक एक्सपीरियंस	89.48
14.	मेघालय	24. मावखानू, शिलांग में एमआईसीई अवसंरचना	99.27
		25. उमियम झील का पुनर्विकास, शिलांग	99.27
15.	ओडिशा	26. हीराकुंड का विकास	99.90
		27. सतकोसिया का विकास	99.99
16.	पंजाब	28. हेरिटेज स्ट्रीट का विकास, एसबीएस नगर	53.45
17.	राजस्थान	29. आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास, जयपुर	49.31
		30. जल महल, जयपुर का विकास	96.61
18.	सिक्किम	31. स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग, नामची	97.37
		32. बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला	68.19
19.	तमिलनाडु	33. मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क	99.67
		34. देवला, ऊटी में फूलों का बगीचा	70.23
20.	तेलंगाना	35. रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ	73.74
		36. सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट, नल्लामाला	68.10
21.	त्रिपुरा	37. बंडुआर, गोमती में 51 शक्ति पीठ पार्क	97.70
22.	उत्तर प्रदेश	38. बटेश्वर का विकास, जिला-आगरा	74.05
		39. एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती	80.24
23.	उत्तराखंड	40. प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: राफ्टिंग बेस स्टेशन	100.00
कुल			**3,295.76**

*****